तिरहुत शिक्षक और स्नातक क्षेत्र के लिए मतदान आज

प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान कर्मियों को ब्रीफ कर किया गया रवाना



मुजफ्फरपुर। प्रेक्षक, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र कौशल किशोर के नेतृत्व एवं प्रेक्षण में गुरुवार को पीठासीन पदाधिकारियों, माइक्रो प्रेक्षकों, दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को आज एमआईटी में ब्रीफ किया गया तथा बिहार विधान परिषद निर्वाचन हेतु मतदान कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों, माइक्रो प्रेक्षकों, दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अनुपालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।

निर्वाची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर गिरिवर दयाल सिंह एव प्रेक्षक कौशल किशोर ने पदाधिकारियों को ब्रीफ करते हुए कहा कि बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 का 23 अक्टूबर को होने वाला मतदान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी व्यवस्था की गई है।

आज 22 अक्टूबर को पोलिंग पार्टी का डिस्पैच चारों जिलों-सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली- के निर्धारित केन्द्रों से हुआ है। मुजफ्फरपुर जिला के लिए पोलिंग पार्टी का डिस्पैच एमआईटी, मुजफ्फरपुर से हुआ है।

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 203 है जिसमें तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 145 मतदान केन्द्र तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 58 मतदान केन्द्र हैं। मतदान 23 अक्टूबर को 8 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक होगा।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

साहेबगंज आससे के अनुसार। साहेबगंज प्रखंड में तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले मतदान को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।

प्रखंड मुख्यालय कार्यालय स्थित तिरहुत स्नातक निर्वाचन हेतु दो बूथ स्थापित किया गया है। प्रखंड कार्यालय ऑफिस में बूथ 65 एवं मनरेगा भवन स्थित कमरे में 65 (क) बनाया गया है,जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन के मात्र एक बूथ ,अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बूथ नंबर 39 स्थापित किया गया है।

औराई। तिरहुत स्नातक चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय में सभी तैयारी पुरी कर ली गई है। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मतदाताओं को कोई दिक्कत ना हो जिसके लिए प्रखंड कार्यालय द्वारा तीन बुथों का निर्माण कराया गया है, पहला बूथ अंचल कार्यालय औराई, दूसरा बुथ प्रखंड कार्यालय वन व तीसरा बूथ प्रखंड कृषि कार्यालय को बनाया गया है जहां शुक्रवार की सुबह 8ः00 बजे से लेकर शाम 4ः00 बजे तक कुल 2254 स्नातक मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबे शंभू का शव बरामद

सरैया (आससे)पारु थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बाया नदी में डूबे 40 वर्षीय शंभु कुमार सिंह का शव तीसरे दिन गुरुवार को नदी में उपलाता हुआ मिला। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है ।जानकारी हो कि बाजितपुर गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र शंभु कुमार सिंह मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान वह बाया नदी में डूब गया था। घटना के बाद से ही परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे थे। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। तीसरे दिन नदी में शव उपलाता देख लोगों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकलवाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल भेज दिया ।ग्रामीणों ने बताया मृतक तीन भाई और दो बहन में सबसे छोटा था ।वह गांव में ही रहकर मजदूरी कर घर परिवार का भरणपोषण किया करता था ।

धनबल के आगे शिक्षक मतदाता झुकने वाले नहीं : सुरेश शर्मा

मुजफ्फरपुर । बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि पिछले दो दशक में शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के निदान को लेकर इस कदर धोखा खाया है कि अपने प्रतिनिधि के रूप में एक बार फिर से तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रोफेसर नरेंद्र प्रसाद सिंह को अपना प्रतिनिधि चुनने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने निश्चय कर लिया है की धनबल के आगे किसी भी सूरत में झुकेंगे नहीं क्योंकि शिक्षक बिकाऊ नहीं हो सकता।



कलमबाग चौक स्थित अटल सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि राजग प्रत्याशी के रूप में नरेंद्र प्रसाद सिंह को शिक्षकों का पुरजोर समर्थन मिल रहा है ।इसके पीछे बड़ी वजह यह कि शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित थे तब शिक्षकों की समस्या के निदान हेतु बढ़ चढ़ कर कार्य किया था। या उनके ट्रांसफर पोस्टिंग का मामला रहा या फिर प्रोन्नति का मामला। उन्होंने सदा शिक्षक हित में कार्य किया एफिलिएटिड कॉलेज के शिक्षकों के लिए अनुदान आवंटन की लड़ाई भी उनके नेतृत्व में ही पूरी हुई ।ऐसे बहुत से कारण हैं कों शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में शिक्षक समुदाय प्रोफेसर सिंह का निर्वाचन सुनिश्चित करना चाहते हैं। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि धनबल के बूते चुनाव जीतने की चाह रखने वाले प्रत्याशियों की दाल नहीं गलने वाली क्योंकि समय पर उन्होंने शिक्षकों का वोट तो लिया मगर जरूरत के समय धोखा दे गए। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने शिक्षक सम्मान के लिए अनुदान का आवंटन तथा ट्रांसफर पोस्टिंग की समस्या का चुनाव के बाद समाधान करने का ऐलान कर रखा है ।शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होते ही प्रोफेसर सिंह सरकार के साथ मिलकर शिक्षकों की समस्याओं का जमीनी स्तर पर निदान कर सकेंगे क्योंकि शिक्षकों की परेशानी और समस्याओं से वह बखूबी अवगत है ।श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि तिरहुत निर्वाचन क्षेत्र से स्नातक और शिक्षक दोनों पदों पर राजग प्रत्याशी जीत का परचम लहराएंगे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक कुमार हरिमोहन चौधरी प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा शशांक कुमार जदयू नेता संजय कुशवाहा अशोक झा अजय चौधरी उपस्थित थे और गठबंधन प्रत्याशी की जीत का दावा किया।

पारु में खेत से 15 लीटर देसी शराब बरामद

सरैया (आससे)। पारु थाना के फंदा गांव में पुलिस ने एक खेत से 15 लीटर देसी शराब बरामद किया ।वही घने बस्ती होने का फायदा उठाते हुए दो तस्कर फरार हो गए ।उधर थाना के डायल 112 पर पदस्थापित दारोगा रामभरोस यादव के लिखित आवेदन पर फरार तस्कर मो0 निजाम और नूरजहां खातुन के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है । थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मो0 निजाम और मो0 ताहिर की पत्नी नूरजहां खातुन गांव के चतर्भुज राम के खेत में बिक्री के लिए शराब रखे हुए है । सूचना पर पहुंची पुलिस वाहन को देखते दोनों तस्कर बस्ती घना होने का फायदा उठाते हुए फरार हो गया । पुलिस ने फरार दोनों तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित प्रोग्राम देखने के दौरान हिंसक झड़प

मोतीपुर (आससे)। बरुराज थाना गेट के सामने प्रोग्राम देखने के दौरान विवाद को लेकर एक गुट के हार्वे हथियार से लैस लोगों ने हमला कर लूटपाट एवं तोड़फोड़ कर दंपति समेत पुत्रो की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच कर पीड़ित परिवार से घटने की जानकारी ली। दबंगो के हमले में वासुदेव राय,रामसती देवी,नीरज कुमार और संदीप कुमार जख्मी हो गए। जिनका इलाज सीएचसी में कराई गई। इस बाबत पीड़ित वासुदेव राय ने वार्ड पार्षद नौ के पुत्र मोकन्दर साह के अलावे रोहित कुमार,राहुल कुमार,मोकिन्द्र साह,कुणाल कुमार, अजय कुमार, गुड्डु कुमार, सुमन कुमार, पंकज साह,विवेक कुमार राजेन्द्र साह को आरोपित किया है। आरोप है कि उसका लड़का नीरज कुमार दुर्गा पूजा के अवसर पर थाना चौक पर प्रोग्राम देखने गया था जहा आरोपित मोकन्दर साह और रोहित कुमार से कुछ विवाद हो गया जिसके बाद उनके लड़का नीरज की जमकर पिटाई कर दी और हथियार जैसे लोहे के सामान से हमला कर दिया। लहूलुहान जब उनका लड़का किसी तरह जान बचा कर घर पहुँचा तभी पीछा करते हुए सभी आरोपी घर पर आ धमके और ग्रिल का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुस कर तोड़फोड़ करने लगें। जब विरोध किया तो हम सभी की पिटाई करने लगे। इसी दौरान हत्या करने की नीयत से नीरज को घसीटते हुए सड़क पर ले जाकर गर्दन में पहने हनुमानी के धागे से गर्दन दबाने लगा। बीच बचाव करने पर उसके दूसरे लड़के संदीप की पिटाई कर जख्मी कर घर में रखे बक्से से पचीस हजार रुपये और आभुषण लूट लिया। जाते समय धमकाया की थाने में केश किया तो सपरिवार की हत्या कर दूंगा। थानेदार कुणाल कुमार कश्यप ने बताया कि पीड़ित वासुदेव राय के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ब्लड स्टोरेज यूनिट के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

मुजफ्फरपुर। जिले के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य स्तर पर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को ब्लड स्टोरेज यूनिट के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में आयोजित यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 से 24 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए चिकित्सा पदाधिकारी, प्रयोगशाला तकनीशियन तथा सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन की जिला टीम पूरी सक्रियता के साथ भाग ले रही है। प्रशिक्षण का मुख्य एजेंडा ब्लड स्टोरेज यूनिट के मानक संचालन प्रोटोकॉल (एसओपी), कोल्ड चेन मेंटेनेंस, तकनीकी बारीकियों और गुणवत्ता नियंत्रण को मजबूत करना है, ताकि गंभीर मरीजों व प्रसूताओं को रक्त के अभाव में रेफर न करना पड़े और स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सके। सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों की तकनीकी क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ अंतर-विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, प्रखंड स्तर पर तैनात डॉक्टरों और तकनीशियनों की यह दक्षता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक जीवनरक्षक व्यवस्था को मजबूत करेगी। जिला स्वास्थ्य समिति और पिरामल फाउंडेशन का यह साझा प्रयास जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी आपातकालीन सेवाओं के विस्तार में मददगार साबित होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र प्रसाद सिंह के निधन से शोक की लहर

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि कहा—रविंद्र जी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति

मुजफ्फरपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुजफ्फरपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह के निधन से जिले सहित पूरे बिहार के राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर है। उनके निधन को भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। मुजफ्फरपुर रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता और सामाजिक क्रियाकलापों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले रविंद्र प्रसाद सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव उदय शंकर प्रसाद सिंह ने की उन्होंने अपने संबोधन में रविंद्र बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी भरपाई मुश्किल होगी। इससे पूर्व उनके निधन की खबर पाकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने दिवंगत नेता के आवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा रविंद्र बाबू का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना जीवन संगठन की मजबूती और निस्वार्थ जनसेवा के लिए समर्पित किया। उनका संगठनात्मक अनुभव, मार्गदर्शन और आत्मीय व्यवहार सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा। दुःख की इस घड़ी में पूरी पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है।

भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रविंद्र बाबू कुशल संगठनकर्ता, समर्पित राजनेता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध व्यक्तित्व थे। उनका निधन भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी एवं केदार प्रसाद गुप्ता तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार नरेंद्र प्रसाद सिंह ने भी उनके आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर के सांसद राजभूषण चौधरी निषाद, पूर्व मंत्री रामसूरत राय, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, विधायक रंजन कुमार, प्रदेश के पूर्व महामंत्री डॉ. राजेश वर्मा, पूर्व सांसद अजय निषाद, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, डॉ. ममता रानी, पूर्व एमएलसी नरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, डॉ. रागिनी रानी , जिला उपाध्यक्ष अशोक झा, अरविंद सिंह, फेकू राम, सुरेश कुमार, रितु राज, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, जिला मंत्री परितोष सिंह, बिकाऊ यादव, कृष्णा महतो एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा रॉय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

गैस एजेंसी लूटकांड का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

साहेबगंज आससे। साहेबगंज थाना क्षेत्र के अहियापुर स्थित भारत गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी केंद्र में विगत 15 अक्टूबर को हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लेने का दावा किया है । इस मामले में पुलिस ने तीन शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटी गई 2200 रुपये नकद राशि, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पूरे मामले में ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि 15 अक्टूबर को मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने अवैध हथियार का भय दिखाकर गैस एजेंसी के कैश काउंटर से डेढ़ लाख रुपया नकदी और 6 मोबाइल लूट लिए थे। घटना के बाद साहेबगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ सरैया अभिजीत कौर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने अंतर जिला गिरोह के तीन बदमाश को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र के विनय कुमार और पप्पू कुमार और पूर्वी चंपारण जिले के बीजघरी थाना क्षेत्र के दीपक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। फिलहाल, तीनों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भतहंडी गांव निवासी पप्पू कुमार महतो को पुलिस ने गिरफ्तार किया ।।गिरफ्तार पप्पू ने इस कांड में लाइनर का काम किया था ,जबकि गिरफ्तार माधोपुर हजारी के विनय कुमार के निशानदेही पर पुलिस ने अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी की । वही इस कांड में सलिप्त कई अन्य अभियुक्त फरार बताया जाता है ।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल बालिका विद्यालय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने तिरहुत प्रमंडल की टीम रवाना

मुजफ्फरपुर। जमुई में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल वॉलीबॉल बालिका विद्यालय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आज तिरहुत प्रमंडल वॉलीबॉल बालिका की तीनों वर्ग अंडर 14,17,19 की टीम जमुई के लिए रवाना हुई, इसकी जानकारी देते हुए, तिरहुत प्रमंडल सह जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन तिरहुत प्रमंडल के लिए किया गया है जो निम्न है। बालिका अंडर 14 वर्ग में, मुजफ्फरपुर की माही शर्मा, रिद्धि कुमारी, समाही,नीतू कुमारी, पंखुड़ी, सौम्या सहाय, पश्चिम चंपारण से महिमा कुमारी, प्रीति कुमारी, शालीमा कुमारी, रागिनी कुमारी,सीतामढ़ी से संविका सर्राफ,वैशाली से मोनिका कुमारी का चयन किया गया है। अंडर 17 आयु वर्ग में सुप्रिया लता सुमन भारती दिव्यांशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी, राधिका कुमारी, मुस्कान कुमारी गायत्री कुमारी अनन्या कुमारी सभी पश्चिमी चंपारण से सौम्या कुमारी अनन्या कुमारी सीतामढ़ी का चयन किया गया है। अंडर 19 आयु वर्ग में पश्चिम चंपारण की राधा कुमारी, पल्लवी कुमारी,साक्षी कुमारी, रागिनी कुमारी ,मूर्ति कुमारी मुजफ्फरपुर की ऋषिका कुमारी ,सोनम कुमारी,गुड़िया कुमारी,मोनिका कुमारी का चयन किया गया है।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार हैः–

(I) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान–पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण–पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण–पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014018 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

न्यायालय, समाहर्त्ता एवं जिला दंडाधिकारी, सुपौल
बिहार सरकार
फोन नं0–06473–223112 (कार्या0) 06473–224210 (फैक्स)
E-mail : legalsectionsupaul@gmail.com,
E-mail : dm-supaul.bih@nic.in

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद संबंधी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) पुनरीक्षणकर्त्ता निर्मली देवी, पति–योगेन्द्र पासवान, साकिन–चकला निर्मली, वार्ड नं0–06, पो0+थाना+जिला–सुपौल के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सुपौल के नामान्तरण अपील वाद सं0–167/2025–26 में दिनांक 03.07.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध नामान्तरण पुनरीक्षण वाद सं0–29/2026–27 दायर किया गया है।
(2) अपीलार्थी सुधीर प्रसाद, पे0–स्व0 नागेश्वर प्रसाद, साकिन+पो0–कोरियापट्टी, (प0) थाना–जदिया, जिला–सुपौल के द्वारा अपर समाहर्त्ता, सुपौल के जमाबंदी रद्द वाद सं0–58/2024–25, में दिनांक 23.06.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद सं0–08/2026–27 दायर किया गया है।
अतएव कॉलम 05 में अंकित विपक्षी वाद से संबंधित दावा/साक्ष्य के संबंध में यदि कोई सूचना देना चाहते है हो या दावा करना चाहते हो तो उक्त निर्धारित तिथि को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद से संबंधित भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–

Sl.	Case No.	Case Type	Petitioner VS Respondent	Address of Respondent	Land Detail	Next Date of Hearing
1	2	3	4	5	6	7
1	29/2026-27	नामान्तरण पुनरीक्षण वाद	निर्मली देवी, बनाम राजेन्द्र सुतिहार एवं राज्य	राजेन्द्र सुतिहार, पिता–स्व0 देव नारायण सुतिहार, साकिन–किशनपुर दक्षिण टोला–फुलकाहा, वार्ड नं0–11, थाना–किशनपुर, जिला–सुपौल	अंचल–सुपौल, मौजा–सुपौल चकला निर्मली, सुपौल नगरपालिका, वार्ड नं0–12(पु0), नगर परिषद, वार्ड नं0–27 (नया), थाना नं0–217, खाता 99 (नया), खेसरा 1723, रकवा 0–6.550 डी0	26-10-2026
2	08/2026-27	जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद	सुधीर प्रसाद बनाम मल्लो मंडल	मल्लो मंडल, पिता–मिश्री मंडल, सा0+पो0–कोरियापट्टी, (प0), वार्ड नं0–13, थाना–जदिया, जिला–सुपौल	मौजा–कोरियापट्टी, थाना–जदिया, जिला–सुपौल, खाता–777, खेसरा 4407 रकवा 0–18डी0, 0–09डी0, जमाबंदी नं0–4914/1419, 1127	26-10-2026

यदि निर्धारित तिथि को वर्णित वाद में कोई दावेदार या कोई सूचक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखते है/कोई दावा नहीं करते है एवं उक्त वाद के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो सक्षम प्राधिकार द्वारा उपर्युक्त वाद के संबंध में एकपक्षीय आदेश पारित किया जा सकता है।
यदि उपर्यक्त वर्णित भूमि से संबंधित किसी न्यायालय में **अपील/नामान्तरण** दायर किया गया हो या विचाराधीन हो तो इस संबंध में संबंधित पक्ष किसी भी कार्य दिवस को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।
आज दिनांक– 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

PR- 014044 (District) 2026-27
समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, सुपौल

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिल मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की टीम ने जीविका के क्रियाकलापों का किया अवलोकन

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित जीविका परियोजना के कार्यों का अवलोकन करने गुरुवार को बिल मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन कि टीम मुजफ्फरपुर पहुंची। टीम के सदस्यों का स्वागत करते हुए डीपीएम अनीशा ने जिले में संचालित सभी गतिविधियों से रूबरू कराया। बीएमजीएफ से नेशनल लीड करोल वेलक , सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अंजनी कुमार और स्टेट लीड बिहार प्रगति सिंह ने पूरी टीम के माध्यम से अलग-अलग जीविका गतिविधियों का अवलोकन किया। जिसमें प्रमुख रूप से समर्पण बीज प्रसंस्करण इकाई में बीज कि प्रोसेसिंग और पैकेजिंग तथा मार्केटिंग के बारे में जानकारी ली। समर्पण कंपनी के बोर्ड सदस्यों के साथ टीम के सदस्यों ने चर्चा की और उनके द्वारा की जा रही अब तक उत्पादन और टर्नओवर के साथ-साथ मुनाफे पर भी जानकारी ली। इसके साथ ही किसानों ने टीम के सामने अपनी मांग रखी कि प्रत्येक पंचायत में एक वेयर हाउस के साथ ही मिट्टी जांच सुविधा मिल जाए तो हमें बहुत सहूलियत होगी।



समर्पण के बारे में किसानों ने कहा कि इस कंपनी द्वारा हमें अच्छे गुणवत्ता के बीज मिल रहे हैं जिससे हमारी उपज अच्छी हो रही है। इसके साथ आधुनिक कृषि प्रणाली, सौर ऊर्जा सिचाई प्रणाली और मेषा बकरी पालक कंपनी से जुड़कर बकरी पालन करने वाली दीदियों से वार्ता की. इसके बाद टीम के सदस्य संगम संकुल स्तरीय संघ पहुंचे जहां दीदियों द्वारा सभी अतिथियों को स्वागत किया गया। इसके बाद परियोजना और बैंक की राशि के द्वारा किस तरह से महिलाएं अपने जीवन में खुशहाली ला रही है किन-किन तरह की व्यवसाय कर रही है और किन-किन सहयोगी संस्थाओं द्वारा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में मदद की जा रही है ऐसे ही करीब दर्जन भर लाभार्थियों से वार्ता की. टीम के सदस्यों ने एस के एम सी एच में दीदी कि रोसोई का अवलोकन करते हुए दीदियों के हाथों से बने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

इस दौरान अंजनी कुमार ने दीदियों का मार्गदर्शन किया । पशुधन के राज्य परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार ने भी दीदियों द्वारा पशुपालन गतिविधि की जानकारी लेते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया।

इस दौरान जीविका से कुणाल किशोर, रितेश कुमार, शोभा साह, नूरी जमाल,पंकज कुमार,रोशन कुमार, राजकुमार,शिवम् कुमार,गोपाल झा, सुनील कुमार, प्रदान से मधु खेतान , सहना मिश्रा , भारती रघुवंशी , राजू , सालवी और आगा खान से खुशबू कुमारी, अमिता कुमारी , संगम से मीना देवी, आशा देवी, पूनम देवी, कुसुम देवी सहित कई दीदियां उपस्थित रही।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार हैः–

(i) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान–पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्शदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण–पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण–पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014016 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।